भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4248

(दिनांक 18.03.2026 को उत्तर देने के लिए)

"इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026" पर किया गया व्यय

4248. श्रीमती माला रायः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) "इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026" की मेजबानी पर हुए कुल व्यय की लागत का ब्यौरा क्या है तथा उक्त व्यय में से विज्ञापन पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त शिखर सम्मेलन के माध्यम से प्रदर्शकों से अर्जित धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) और (ख): भारत ने 16–21 फरवरी, 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी की। वैश्विक एआई समिट का आयोजन पहली बार ग्लोबल साउथ में हुआ। यह परिवर्तन अधिक समावेशी वैश्विक एआई संवाद की दिशा में एक व्यापक पहल का संकेत देता है।

यह शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक वैश्विक समागम के रूप में संपन्न हुआ, जिसने भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नवाचार, शासन, साझेदारी और समावेशी विकास के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में सुदृढ़ता से स्थापित किया। यह पाँच दिवसीय महा-आयोजन, किसी भी विकासशील देश

द्वारा आयोजित अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन था, जिसने "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" (सबके कल्याण के लिए, सबके सुख के लिए) थीम के अंतर्गत सरकार, उद्योग, अकादमिक जगत, सिविल सोसायटी और स्टार्टअप्स की बड़ी हस्तियों को एक मंच पर साथ लेकर आया।

इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का आयोजन इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान किया गया, जो वैश्विक कल्याण के लिए एआई में भारत की क्षमता के प्रदर्शन, विषय के अनुरूप था। 9 मार्च, 2026 तक शिखर सम्मेलन पर कुल 65 करोड़ रुपये व्यय हुआ है, जबकि प्रदर्शनी स्थल तथा प्रदर्शकों को संबंधित सेवाओं की बिक्री से प्राप्त कुल आय लगभग 69 करोड़ रुपये रही।

***